# पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र को औद्योगिक दर पर मिलेगी बिजली

## चर्चा में क्यों?

25 मार्च, 2022 को राजस्थान के ऊर्जा विभाग ने पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र को वाणिज्यिक श्रेणी के स्थान पर औद्योगिक दर पर बिजली उपलब्ध कराने के आदेश जारी किये।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पर्यटन एवं हॉस्पिटिलिटी क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए इस वर्ष बजट में इस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की घोषणा की थी। इस घोषणा की अनुपालना में ये आदेश जारी किये गए हैं।
- इससे प्रदेश में इस सेक्टर से जुड़े लाखों उद्यमियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा राज्य में पर्यटन गतिविधियों का और विस्तार संभव हो सकेगा।
- गौरतलब है कि पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने की वर्ष 1989 से लेकर अब तक कई बार घोषणा हुई, लेकिन इसका समुचित रूप से क्रियान्वयन नहीं हो सका था।
- पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान का विश्व में महत्त्वपूर्ण स्थान है और यहाँ पर्यटन गतिविधियों के विस्तार की अपार संभावनाएँ मौज़ूद हैं। साथ ही, इससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार के बड़े अवसर सृजित हो सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tourism-and-hospitality-sector-will-get-electricity-at-industrial-rate